




डाक पंजीयन क्र. L/ RNP/म.प्र./ मन्दसौर/122/ 2024- 26

ई-पेपर www.guruexpress.live

बात आपकी, शब्द हमारे

# गुरु एक्सप्रेस

सुबह का अख़बार

संपादक – आशुतोष नवाल

वर्ष 18 | अंक 145 | पृष्ठ 4 | मन्दसौर | बुधवार 06 मार्च 2024 | मूल्य 2 रुपया


## अधेड़ ने लगाई फांसी, मौत



**नीमच, 5 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** जिले के जावद थाना क्षेत्र की सरवानिया महाराज पुलिस चौकी के गांव मोरवन में एक 48 वर्षीय अधेड़ ने अज्ञात कारणों के चलते फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।

घटना सोमवार शाम की है, जब मृतक बसंत पिता दीनानाथ प्रजापति उम्र 48 वर्ष ने अपने घर में फांसी लगा ली। घटना की जानकारी मिलते ही परिजन तत्काल बसन्त को लेकर नीमच के बड़े अस्पताल पहुंचे। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। वहीं मृतक के शव का मंगलवार को नीमच के बड़े अस्पताल में परिजनों की मौजूदगी में पोस्टमार्टम किया गया। जिसके बाद शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया है। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर आत्महत्या के कारणो की जांच शुरू की हैं।

### मामला वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगाने का...

# बूंदों को सहजने में नाकाम प्रशासन व आमजन

**लापरवाही के चलते गिर रहा भू-जलस्तर**




**मंदसौर, 5 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** बढ़ते तापमान और गिरते जलस्तर ने प्रशासन के साथ ही आमजन की चिंता बढ़ा दी है। सरल शब्दों में समझें तो यहां पानी 100 फीसदी क्षमता से ज्यादा दोहित हो रहा है। इसका कारण है जिम्मेदारों की लापरवाही। यहां हम बात कर रहे है वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम की। निजी हो या सरकारी भवन सभी पर लगाने के लिए नियम तो लागू कर दिया गया। लेकिन, जिले में यह सिस्टम कहीं नजर नहीं आता। आम लोगों के निजी और व्यवसायीक भवन में इस सिस्टम के लगे होने की उम्मीद करना तब बेईमानी लगता है, जब जिला मुख्यालय के जवाबदार अधिकारियों के दफ्तरों में ही यह सिस्टम नहीं है।

पूरे शहर को वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम के आधार पर निर्माण अनुमति देने वाली नपा के खुद अपने भवन में यह नहीं है तो जिला पंचायत से लेकर बड़े अस्पताल के अलावा जलसंसाधन व लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी से लेकर अन्य तमाम सरकारी महकमें के भवनों के हाल इस मामले में एक से है। जल संसाधन से लेकर लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी व मंडी से लेकर कलेक्ट्रेट तक में यह सिस्टम कही नहीं दिख रहा है। जब जिला मुख्यालय के यह हालात है तो अनुभाग व समूचे जिले में इस नियम का पालन तो दूर की बात है। बारिश के दौर में सरकार से लेकर प्रशासन द्वारा बड़े स्तर पर जलसंरक्षण के लिए अभियान चलाने को लेकर बड़े दावे किए जाते है। लेकिन, हकीकत में हालात ठीक विपरीत है। भूजल के लिए जो सिस्टम भवन निर्माण के साथ बनाना जरुरी किया गया है वह सिस्टम ही निजी तो ठीक किसी भी सरकारी विभाग के भवन में नहीं है।

**अनुमति में जरुरी, लेकिन लगता कही पर भी नहीं...**

भवन निर्माण के लिए निजी छोटी या बड़ी तथा व्यवसायीक इमारतों में भी वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम को अनिवार्य किया गया है। बारिश के पानी को सहेजने के लिए यह जरुरी भी है। लेकिन, शहर से लेकर पूरे जिले में कही पर भी जल संरक्षण के लिए यह हार्वेस्टिंग सिस्टम नहीं लगा हुआ है। सरकारी भवनों में भी नहीं है तो आम लोगों तथा बाजार की इमारतों में लगना तो दूर की बात है। जिन पर शहर की जवाबदारी है, उसी सरकारी तंत्र में बैठे जवाबदारों ने अपने भवनों में भी कभी वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम को लगाना ही उचित नहीं समझा तो आम जनता से यह सिस्टम लगवाना बेईमानी होगी। प्रशासनिक से लेकर जनप्रतिनिधि और शासन स्तर पर अनेक समीक्षा बैठकों का दौर निरंतर चलता रहता है। लेकिन, इस पर किसी ने ध्यान नहीं दिया। इसी का नतीजा है कि सरकारी भवन से लेकर निजी भवन और बड़ी इमारतें तो धड़ल्ले से बनती जा रही है। लेकिन, कही पर भी यह सिस्टम नजर नहीं आ रहा है।

**बीते 13 साल में बारिश व जलस्तर की स्थिति...**

| साल | बारिश औसत | जलस्तर | ओवर ऑल |
|---|---|---|---|
| 2011-12 | 1071.60 | 32-34 | औसत से पिछे |
| 2012-13 | 870.60 | 38-40 | औसत से पीछे |
| 2013-14 | 1057.70 | 30-32 | औसत से पीछे |
| 2014-15 | 661.10 | 41-45 | औसत स्तर |
| 2015-16 | 760.10 | 40-44 | औसत स्तर |
| 2016-17 | 941.00 | 36-40 | औसत से पिछे |
| 2017-18 | 850.00 | 38-42 | औसत से पिछे |
| 2018-19 | 854.00 | 38-43 | औसत स्तर |
| 2019-20 | 2151.00 | 21-24 | औसत स्तर |
| 2020-21 | 613.00 | 43-47 | औसत स्तर |
| 2021-22 | 980.00 | 36-40 | औसत से पीछ |
| 2022-23 | 912.00 | 34-42 | औसत से पिछे |

नोट-बारिश के आंकड़े (मिमी में) जलस्तर (मीटर में)

## ठंड का असर बरकरार

**मंदसौर, 5 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** बीते कुछ दिनो से जिले में मौसम बदला रहा है। वेस्टर्न डिस्टर्बेंस का असर खत्म होने के बाद एक बार फिर तापमान में गिरावट आई है। अधिकतम तापमान 23 डिग्री व न्यूनतम तापमान 11 डिग्री के आसपास बना हुआ है। मंगलवार से एक और पश्चिमी विक्षोभ एक्टिव हो गया है। हालांकि इसका असर अपने क्षेत्र में नहीं रहेगा। अगले चार पांच दिन ऐसा ही मौसम रहेगा, इसके बाद तापमान बढ़ेगा।

मौसम विज्ञान केंद्र भोपाल से मिली जानकारी के अनुसार अभी वर्तमान में पूर्वी मध्यप्रदेश से लेकर विदर्भ होते हुए तमिलनाडु तक ट्रफ लाइन गुजर रही है। इस कारण प्रदेश के मौसम में भी ठंडक है। 5 मार्च की रात से पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने का अनुमान है। हालांकि, इसका प्रदेश में कम ही असर रहेगा। अगले दस दिनों तक मौसम साफ रहेगा। इसके बाद गर्मी का असर तेज हो जाएगा।

# चित्तौड़ पुलिस कुख्यात तस्कर कमल राणा को नीमच लाई, न्यायालय में पेश किया

**नीमच, 5 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** एमपी और राजस्थान में कुख्यात अपराधी रहे तस्कर कमल राणा को चित्तौड़ पुलिस मंगलवार को नीमच लेकर आई। उसे भारी पुलिस बल की मौजूदगी ओर सुरक्षा घेरे में नीमच न्यायालय में पेश किया गया। जहां पेशी के बाद उसे चित्तौड़ पुलिस पुन: अपने साथ ले गई। कुख्यात तस्कर कमल राणा पर एनडीपीएस के मामले में एमपी और राजस्थान के कई थानों में प्रकरण पंजीबद्ध है, जिसको लेकर कमल राणा को न्यायालय में पेश किया गया था।

बता दे कि एमपी, राजस्थान का मोस्ट वांटेड तस्कर रहे कमल राणा को जयपुर की क्राइम ब्रांच ने कुछ माह पहले गिरफ्तार किया था। क्राइम ब्रांच ने कमल राणा सहित 5 अन्य को भी गिरफ्तार किया था। फरारी के दौरान तस्कर राणा पर मध्य प्रदेश और राजस्थान की पुलिस ने 70 हजार का इनाम घोषित कर रखा था। नीमच जिले में भी तस्कर कमल राणा पर कई एनडीपीएस के मामले



दर्ज है, इसी को लेकर न्यायालय में पेशी पर कमल राणा को लाया गया था। जहां से पेशी के बाद उसे पुनः राजस्थान ले जाया गया है।

### झार्डा पुलिस चौकी की कार्यवाही...

## पौने दो किलो अफीम के साथ बाइक सवार को दबोचा

**नारायणगढ़, 5 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** झार्डा पुलिस चौकी प्रभारी एसआई मनोज गर्ग व उनकी टीम द्वारा वाहन चेकिंग के दौरान एक बाईक सवार को दबोच कर उसके कब्जे से 1 किलो 700 ग्राम अफीम बरामद की गई। मामले में आरोपी के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज किया है। आरोपी से पूछताछ की जा रही है।

मल्हारगढ़ एसडीपो श्री नरेंद्र सोलंकी ने बताया की नारायणगढ़ थाने की झार्डा चौकी प्रभारी मनोज गर्ग द्वारा झाड ा-बूढ़ा रोड पर खेजड़ी फन्टा बालाजी के निकट संदिग्ध वाहनों की चेकिंग की जा रही थी। इसी दौरान संदिग्ध बाइक क्रमांक एमपी 14 एमक्यू 3380 को रोकने की कोशिश की गई। इस पर बाइक सवार भागने की कोशिश करने लगा, जिसे पीछाकर पकड़ा। पूछताछ में उसने अपना नाम बने सिंह पिता उदय सिंह चन्द्रावत 52 वर्ष निवासी ग्राम तुमडी थाना नारायणगढ़ का होना बताया। सख्ती से पूछताछ करने पर आरोपी के कब्जे वाली थैली में अवैध अफीम होना बताया। तलाशी लेने पर थैली में 1 किलो 700 ग्राम अवैध अफीम मिली। जिसकी कीमत 2 लाख 40 हजार रूपए आंकी गई। आरोपी के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/18 के तहत मामला दर्ज किया गया है। आरोपी अवैध मादक पदार्थ कहा से लेकर कहां ले जा रहा था। मामले में पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है।

**सात मार्च तक रिमांड पर आरोपी...**

मामले में गिरफ्तार आरोपी बने सिंह पिता उदय सिंह चन्द्रावत 52 वर्ष निवासी ग्राम तुमडी थाना नारायणगढ़ को पुलिस ने न्यायालय में पेश किया। जहां से उसे 7 मार्च तक पुलिस रिमांड पर सौंपा गया। अब पुलिस आरोपी से अफीम कहां से लाया था और किसे देने जा रहा था, इसका पता लगा रही है।

## करोड़ो खर्च करने के बाद भी आकर्षित नहीं हो रहे पर्यटक

### साढ़े तीन लाख पर्यटकों को लाने का लक्ष्य अधूरा

**मंदसौर, 5 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** जिले में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए



दो साल पहले लगभग 19 करोड़ रुपये से ज्यादा खर्च किए गए। इन रुपयों को खर्च करने के पिछे पर्यटकों को आकर्षित करने की मंशा थी। हालांकि ऐसा अभी तक तो होता दिखाई नहीं आ रहा है। प्रशासन ने जिले में सालाना 3.57 लाख पर्यटकों को लाने का लक्ष्य तय किया था। लेकिन, फिलहाल इस आंकड़े से पर्यटकों की संख्या काफी दूर है। इधर निजी कंपनी को गांधी सागर में झील महोत्सव के नाम पर इवेंट करने के लिए दस साल का ठेका देकर अनुमति दी गई। टेंट, जंगल सफारी, बोट राइड जैसे कई इवेंट कंपनी ने किए। लेकिन, उम्मीद के अनुसार यहां पर्यटकों का रुझान नजर नहीं आया। इसका कारण यहां लिया जाने वाला चार्ज बताया जा रहा है।

पर्यटन विकास निगम द्वारा पिछले कुछ सालों में शहर के तेलिया तालाब पर ही करीब 1.50 करोड़ रुपये में विकास कार्य कराए गए। पर्यटकों के ठहरने के लिए पशुपतिनाथ मंदिर परिसर में यात्री प्रतीक्षालय तो नयाखेड़ा में बायपास तिराहे पर 3.5 करोड़ की राशि से यशोधर्मन होटल का निर्माण किया है। वहीं गांधीसागर क्षेत्र में 15 करोड़ एवं धर्मराजेश्वर में 2.5 करोड़ व बसई में 1.50 करोड़ रुपये के विकास कार्य किए गए।

**कॉटेज के साथ मिली जिम की सुविधा...**

गांधीसागर में सिंचाई विभाग के रेस्ट हाउस की जगह यात्रियों की सुविधाओं के लिए 15 करोड़ रुपये में चार-चार के ब्लॉक में 20 कॉटेज बनाए गए है। कॉटेज की खिड़कियों से गांधीसागर झील का मनोरम दृश्य दिखता है। कॉटेज के साथ यहां ठहरने व घूमने आने वाले लोगों के लिए एक रेस्टोरेंट, केफेटेरिया, स्वीमिंग पुल सहित जिम का निर्माण किया गया है।

**हनुमंतिया जा रहे लोग...**

गांधी सागर के सामने हनुमंतिया काफी छोटी झील है। यह जगह नर्मदा पर बने बांध का बेक वाटर क्षेत्र है। लेकिन, उसे डेवलप कर योजनाबद्ध तरीके से पर्यटक क्षेत्र के रूप में विकसित किया गया। जबकि, गांधी सागर में जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने रुपया जरुर खर्च किया। लेकिन, इसके बाद भी पर्यटकों को आकर्षित नहीं कर पा रहे। स्थिति यह है कि जिले के लोग ही गांधी सागर की बजाय हनुमंतिया का रुख कर रहे हैं।

**पर्यटको को आकर्षित करने के लिए यह करना जरुरी...**

✻ वर्तमान में पर्यटन व पुरामहत्व के स्थलों पर जाने के लिए ठीक से मार्ग नहीं है। ✻ जंगलों में स्थित पर्यटन स्थल वैसे ही सुनसान रहते हैं और मोबाइल नेटवर्क भी काम नहीं करते हैं। ✻ पर्यटन स्थलों पर पुलिस चौकियां और गाइड होना आवश्यक है। ✻ आवागमन के लिए सार्वजनिक परिवहन के साधन भी उपलब्ध नहीं हैं।

## ऑल टाइम ऊंचाई पर पहुंचा सोना

### 64 हजार 404 रुपए प्रति 10 ग्राम, चांदी भी 72 हजार के पार निकली

**मंदसौर, 5 मार्च गुरु एक्सप्रेस। मंगलवार को सोना ऑल टाइम हाई**



**पर पहुंच गया। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) की वेबसाइट के मुताबिक 10 ग्राम सोना 924 रुपए महंगा होकर 64 हजार 404 रुपए का हो गया है। इससे पहले बीते साल 4 दिसंबर को सोने ने अपना ऑल टाइम हाई बनाया था। तब इसकी कीमत 63 हजार 805 रुपए प्रति 10 ग्राम थी।**

वहीं चांदी में भी मंगलवार को बढ़त देखने को मिल रही है। चांदी 1,261 रुपए महंगी होकर 72 हजार 38 रुपए प्रति किलो ग्राम पर पहुंच गई है। इससे पहले ये 70 हजार 777 रुपए पर थी। चांदी ने भी बीते साल 4 दिसंबर को ही ऑलटाइम हाई बनाया था। चांदी 77 हजार के पार पहुंच गई थी।

**सोने में तेजी के यह हैं प्रमुख कारण...**

✻ 2024 में दुनियाभर में मंदी की आशंका ✻ शादी के सीजन से सोने की डिमांड बढ़ी ✻ डॉलर इंडेक्स में कमजोरी आई है ✻ दुनियाभर के केंद्रीय बैंक सोना खरीद रहे है

**फरवरी में सोने में रही थी गिरावट...**

फरवरी में सोने-चांदी के दामों में गिरावट देखने को मिली थी। महीने की शुरुआत यानी 1 फरवरी को सोना 62 हजार 775 रुपए प्रति 10 ग्राम पर था, जो 29 फरवरी को 62,241 रुपए पर आ गया था। यानी बीते महीने में इसकी कीमत में 534 रुपए प्रति 10 ग्राम की गिरावट आई थी, वहीं चांदी भी 71 हजार 153 रुपए प्रति किलोग्राम से गिरकर 69 हजार 312 रुपए पर आ गई थी।

## संतरे चोरी का आरोप लगाकर पीटा, पिता-पुत्र पर केस दर्ज

**पिपलियामंडी, 5 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** खेत से संतरे चोरी का आरोप लगाकर मारपीट करने वाले पिता-पुत्र पर पुलिस ने केस दर्ज किया। पिपलियामंडी थाना क्षेत्र के गांव सूपड़ा निवासी शंकरसिंह पिता उदयसिंह राजपूत ने मल्हारगढ़ थाने पर शिकायत दर्ज कराई कि मैं बाइे से बरखेड़ापंथ से सूपड़ा जा रहा था इसी दौरान रास्ते जेतपुरा के निकट देवीलाल पिता मांगीलाल बलाई व उसका लड़का रवि मिले और बोले कि तुम हमारे खेत से संतरे चोरी कर ले जा रहे हो, दोनों गाली-गलौज करने लगे, मैंने गालियां देने से मना किया तो दोनों ने लात-घुसों से पीटा, पुलिस ने पिता-पुत्र पर मारपीट का केस दर्ज किया।

### बही टोल पर करीब 17 सिक्यूरिटी गार्डों को निकालने के आदेश के बाद हुआ विरोध...

## एक घंटे बंद रहा टोल, मैनेजर ने कराया निराकरण

**पिपलियामंडी, 5 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** बही गांव स्थित जावरा नयागांव टोल प्लाजा पर तैनात करीब 17 सिक्यूरिटी गार्ड को 1 अप्रेल 2024 को निकालने के आदेश के विरोध में प्रदर्शन किया। इस दौरान करीब एक घंटे तक बिना टोल के ही वाहन निकले। जानकारी के अनुसार टोल पर फास्टेग की सुविधा होने के बाद तैनात सिक्यूरिटी गार्ड की आवश्यकता कम होने से टोल कंपनी के हेड आफिस से सिक्यूरिटी कंपनी व टोल मैनेजर को एक पत्र मिला, जिसमें 14 सिक्यूरिटी गार्ड को ही रखने का आदेश दिए गए। इसी के विरोध में यह प्रदर्शन हुआ। हालांकि बाद में टोल मैनेजर ने वरिष्ठ अधिकारियों को मेल भेजकर समस्या का निराकरण करने का भरोसा दिया, तब जाकर टोल चालू हुआ।

**यह लिखा पत्र में :-** मानव संसाधन व प्रशासन उप प्रबंधक राजीव रोशन मिश्रा की ओर से सिक्योरमाइंड सिक्योरिटी सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक प्रफुल्ल सक्सेना को व टोल कंपनी मैनेजर बही को जारी पत्र में लिखा कि हमने अपने दिनांक 10 अक्टूबर 2022 के समझौते के अनुसार पिपलियामंडी टोल प्लाजा पर मेसर्स पीए सिक्योरमाइंड सिक्योरिटी सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड को 31 मार्च 2023 तक के लिए नियुक्त किया है और उसके बाद, उक्त सेवाओं को 31 मार्च 2024 तक बढा दिया गया है। हालाँकि 1 अप्रैल 2024 से, सेवाओं को संशोधित किया जाएगा और केवल 14 ट्रैफिक मार्शल की आवश्यकता होगी, क्योंकि अब हमारे पिपलियामंडी टोल प्लाजा पर अतिरिक्त ट्रैफिक मार्शल, किसी भी संख्या में ट्रैफिक पर्यवेक्षक या गनमैन की आवश्यकता नहीं है। मेसर्स पीए ... शेष पेज 4 पर

## चुनाव के दौरान सोशल मीडिया पर गलत सूचना और भड़काऊ पोस्ट की तो होगी कार्रवाई

**भोपाल, 5 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** लोकसभा चुनाव को दृष्टिगत रखते हुए सोशल मीडिया पर भ्रामक, असत्य एवं भड़काऊ पोस्ट की तो कानूनी कार्रवाई होगी। पुलिस द्वारा व्हाट्सएप, फेसबुक, इंस्टाग्राम, ट्विटर आदि पर निगाहें रखी जा रही है। यदि कोई व्यक्ति किसी भी प्रकार की उत्तेजना युक्त भ्रामक अथवा असत्य जानकारी पोस्ट करता है या पोस्ट को शेयर करता है तो संबंधित व्यक्ति के विरूद्ध सख्त कानूनी कार्यवाही की जाएगी।

पुलिस ने अपील करते हुए कहा है कि सोशल मीडिया प्लेटफार्म जैसे फेसबुक, एक्स, इंस्टाग्राम, व्हाटसएप पर किसी भी तरह की उत्तेजना युक्त भ्रामक असत्य एवं भड़काऊ पोस्ट को प्रसारित ना किया जाए। किसी भी व्यक्ति की छवि को धूमिल करने वाली पोस्ट को प्रसारित न करें। किसी भी प्रकार की सूचना एवं समाचार की आधिकारिक पुष्टि किए बिना विश्वास ना करें, अफवाहों को प्रसारित ना किया जाए।

व्हाटसएप ग्रुप के सभी एडमिन से भी अपेक्षा की गई है कि वे अपने ग्रुप में किसी भी तरह की अफवाहे प्रसारित ना होने दें। कानून व्यवस्था एवं आपसी सौहार्द बनाए रखने में पुलिस का सहयोग करें। सोशल मीडिया की सभी गतिविधियों पर पुलिस द्वारा सतत निगरानी रखी जा रही है। यदि कोई भी व्यक्ति सोशल मीडिया पर आपत्तीजनक एवं भड़काऊ पोस्ट प्रसारित करता पाया जाता है तो उसके विरुद्ध कठोर वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

## 3 दिन बंद रहेगी कृषि मंडी

**पिपलियामंडी, 5 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** कृषि उपज मंडी में 3 दिन अवकाश रहेगा। मंडी प्रशासन के अनुसार 8 मार्च को महाशिवरात्रि पर्व, 9 को द्वितीय शनिवार व 10 को रविवार होने से मंडी प्रांगण में नीलामी कार्य बन्द रहेगा। मंडी प्रशासन के अनुसार उपज लेकर आने वाले वाहनों का प्रांगण में प्रवेश 7 मार्च को दोपहर 2 बजे तक ही दिया जाएगा। उसके बाद वाहनों का प्रवेश 10 मार्च को दिया जाएगा।

# लाड़ली लक्ष्मीपथ पर जा जेब से जा रही लक्ष्मी..!

### जेब पर भारी पड़ रही जनसुनवाई, सरकारी दफ्तरों तक पहुंचना पड़ रहा महंगा

**मंदसौर, 5 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** नवीन कलेक्टोरेट अर्थात सुशासन भवन से लेकर तहसील कार्यालय, आरटीओ, जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय व बायपास पहुंचना शहर से लेकर जिले के लोगो के लिए महंगा ओर मुश्किलों भरा साबित हो रहा है। सबसे अधिक समस्या तो जनसुनवाई के दिन होती है। जहां दूरदराज से ग्रामीणजन जिला मुख्यालय तक आने-जाने के लिए बड़ी राशि खर्च करते है। लेकिन, मंदसौर आने के बाद कलेक्टोरेट तक जाने के लिए साधन ही नहीं होता है। जिला प्रशासन ने इस नए मार्ग पर वाहन चलाने के लिए करीब ढाई साल पहले रुट प्रस्तावित किए थे। अब इस मार्ग का नाम लाड़ली लक्ष्मीपथ नामकरण भी कर दिया है। लेकिन, जनसुविधा का यह रुट कागजों में ही कैद होकर रह गया है। यहां पहुंचने वाली सड़क भले ही कागजो में उत्कृष्ट बन गई हो। लेकिन, यहां पहुंचने के लिए वाहन नहीं चल रहे है। ऐसे में अपने निजी वाहनों से ही लोगों को यहां पहुंचना पड़ रहा है। लोगों को यहां तक पहुंचने में अधिक आर्थिक भार वहन करना पड़ रहा है।

शहर से कलेक्टोरेट, तहसील कार्यालय और आरटीओ कार्यालय गए। कलेक्टोरेट बना तो आरटीओ बायपास क्षेत्र में बना। अधिक दूरी पर दोनों दफ्तर बने। शहर का विस्तार हो रहा है। यहां पहुंचने के लिए सड़क भी उत्कृष्ट बनी, लेकिन अब सुविधाओं का विस्तार हो तो आम लोगों का इसका लाभ मिल सके। वर्तमान में सरकारी कार्यालय में अपने कामों के लिए लोगों को पहुंचना ही महंगा पड़ रहा है। शहर में संचालित होने वाले यात्री वाहनों के रुट का यहां तक विस्तारिकरण हो या और यहां ऑटो से आने के दौरान दामों पर नियंत्रण नहीं है। ऐसे में वह मनचाहे दाम लोगों से ले रहे है। वहीं जिले के अन्य जगहों से कलेक्टोरेट के लिए आने वाले लोगों को बस स्टैंड से भी यहां आना दुभर हो रहा है। ऐसे में शहर के विस्तार के साथ सुविधाओं का विस्तार हो तो लोगों का इनका लाभ मिलें।

**काफी पहले रुट का किया था निर्धारण...**

काफी पहले जिला प्रशासन ने सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में शहर में संचालित यात्री वाहनों के रुट का इन क्षेत्रों में निर्धारण करते हुए रुट विस्तार करने के निर्देश दिए गए थे। लेकिन, जनसुविधाओं का यह रुट पर कागजों में ही यह कैद होकर रह गया और लंबा समय बीतने के बाद भी इस मार्ग पर यात्री वाहन नहीं दिखें। इसका खामियाजा जिलेवासियों की जेब पर पड़ रहा है और लोगों को परेशान भी होना पड़ रहा है। शहर के विस्तार के साथ सुविधाओं का विस्तार नहीं होने के कारण लोग भटकने को मजबूर है। इस बीच इस मार्ग का नामकरण भी लाड़ली लक्ष्मीपथ रखा गया है। पर इस मार्ग पर आवाजाही के लिए लोगों को परेशानी के अलावा कुछ नहीं मिल रहा है। यहां आने के लिए लोगो को अपनी जेब से काफी लक्ष्मी खर्च करना पड़ रही है।

**रुट विस्तार के साथ वाहनों के चलने का इंतजार...**

नवीन कलेक्टोरेट बनने के बाद वर्ष 2019 से इसका संचालन भी यहां शुरु हुआ तो जिला शिक्षा अधिकारी से लेकर आरटीओ का दफ्तर भी इस रुट पर स्थित है। लेकिन, चार साल से यात्री वाहनों की आवाजाही इस रुट पर नहीं हुई। जबकि, इन दफ्तरों में प्रतिदिन बड़ी संख्या में लोगों की आवाजाही होती है। चार साल से रुट विस्तार से लेकर वाहनों के चलने का इंतजार है। रुट पर वाहन चलाने के दावे जरुर किए गए। लेकिन, डेटलाइन कभी नहीं दी गई। सड़क सुरक्षा समिति में भी मुद्दा उठा तो रुट निर्धारण भी हुआ लेकिन वाहन अब तक नहीं चल पाए है।

# महिला मोर्चा का नारी शक्ति वंदन पदयात्रा कार्यक्रम सम्पन्न

**मंदसौर, 5 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** भारतीय जनता पार्टी राज्यसभा सांसद महिला मोर्चा प्रदेश प्रभारी कविता पाटीदार, राज्यसभा सांसद महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष माया नारोलिया, नारी शक्ति वंदन प्रदेश सयोजंक लता वानखेडे, भाजपा जिलाध्यक्ष नानालाल अटोलिया के निर्देशानुसार, भाजपा महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष निर्मला गुप्ता के नेतृत्व में नारी शक्ति वंदन पदयात्रा कार्यक्रम संपन्न हुआ। नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम का शुभारंभ पं.दीनदयाल उपाध्याय, डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी, स्व.राजमाता सिंधिया जी के चित्र पर माल्यार्पण एंव दीप प्रज्वलित कर किया गया। नारी शक्ति वंदन अभियान पदयात्रा कार्यक्रम में मुख्य वक्ता सांसद राज्यसभा सांसद बंशीलाल गुर्जर, भाजपा प्रदेश



कार्यसमिति सदस्य डॉ.सुषमा आर्य, भाजपा जिला उपाध्यक्ष एंव कार्यक्रम के जिला प्रभारी राजेश पालीवाल, कार्यक्रम सह प्रभारी युवा मोर्चा जिला महामंत्री बंटी चौहान, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष निर्मला गुप्ता, विधानसभा संयोजक नरेश चंदवानी, भाजपा जिला मंत्री प्रीति रोखले, कार्यक्रम प्रभारी बिंदु चंद्रे, नपा. सभापति निर्मला चंदवानी, शांति फरक्या, महिला मोर्चा उत्तर मंडल अध्यक्ष किरण मंडोवरा, महिला मोर्चा दक्षिण मंडल अध्यक्ष भावना पमनानी, पार्षदगण भारती पाटीदार, गरिमा भाटी, जनपद सदस्य रीता जैन, विमला कहार उपस्थित थे।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाजपा किसान मोर्चा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एंव राज्यसभा सांसद बंशीलाल गुर्जर ने संबोधित करते हुए कहा की महिला सशक्तिकरण को आगे बढ़ाते हुए नारी शक्ति वंदन अभियान को देश के प्रधानमंत्री नरेंद मोदी जी ने लिंग अनुपात में महिलाओ का मान बढ़ाया है। आज 1000 पुरषो पर 1020 महिलाए है साथ ही 26.54 करोड़ जनधन के खातो में राशि भेज कर महिलाओ को आर्थिक रूप से सशक्त बनाया। लोकसभा विधानसभा में तीन दशक से चल रही मांग भी आज पुरी हुई है और आज महिलाओ को 33 प्रतिशत आरक्षण दिया। 9 करोड़ परिवारों को नल जल योजना के माध्यम से लाभ मिला, 10 करोड़ उज्ज्वला योजना देकर महिलाओ को धुएं से मुक्ति दिलाई, प्रधानमंत्री आवास योजना से 3 करोड़ महिलाओ को मालिकाना हक देकर महिलाओ को मजबूत किया। नारीशक्ति वंदन अधिनियम लेकर महिलाओ के सम्मान को बढ़ाया। भाजपा सरकार ने नारी शक्ति के लिए अनेक पहलुओं पर काम किया है, और महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाया है।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य डॉ सुषमा आर्य ने मोदी जी ने तीन तलाक के सख्त कानून बनाकर मुस्लिम महिलाओं राहत दी। मातृत्व योजना से अवकाश में 12 सप्ताह से बढ़ाकर 26 सप्ताह कर बहनों को राहत प्रदान की। मोदी जी की गारंटी पर महिलाओं को विश्वास है मोदी जी जो बोलते हैं गारंटी के साथ बोलते है। कार्यक्रम में स्वागत भाषण महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष निर्मला गुप्ता द्वारा दिया गया। कार्यक्रम का संचालन महिला मोर्चा जिला उपाध्यक्ष सुनीता गुजरिया ने किया एंव आभार कार्यक्रम प्रभारी व मोर्चा जिला उपाध्यक्ष बिंदु जी चंद्रे ने माना। नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम की पदयात्रा का शुभारंभ गांधी चौराहा से किया गया एंव कार्यक्रम का समापन महाराणा प्रताप चौराहे पर हूआ। कार्यक्रम में समस्त हितग्राही बहने महिला मोर्चा जिला मंडल के पदाधिकारी एंव कार्यसमिति सदस्य गण, समस्त जनप्रतिनिधि गण, समस्त पार्षदगण आदि महिला मोर्चा की बहने उपस्थित थी। उक्त जानकारी महिला मोर्चा जिला मीडिया प्रभारी विद्या कडोतिया ने दी।



# जिले के 116 युवाओं को नियुक्ति पत्र प्रदान किया

**मंदसौर, 5 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने प्रदेश के 8500 युवाओं को नियुक्ति पत्र भोपाल लाल परेड ग्राउंड से प्रदान किए। भोपाल स्थित कार्यक्रम का लाइव प्रसारण नगर पालिका सभागृह में किया गया। उक्त कार्यक्रम को देखा और सुना गया। राज्य सभा सांसद श्री बंशीलाल गुर्जर, पूर्व विधायक श्री यशपाल सिंह सिसोदिया, कलेक्टर श्री दिलीप कुमार यादव, सीईओ जिला पंचायत श्री कुमार सत्यम ने जिले के 116 युवाओं को नियुक्ति पत्र प्रदान किए। 116 नव नियुक्तियों में 82 राजस्व विभाग, 20 कृषि विभाग, 14 स्वास्थ्य विभाग के नवनियुक्त युवा शामिल है।

नियुक्ति पत्र प्रदान करने के दौरान सांसद श्री बंशीलाल गुर्जर द्वारा कहा गया कि आज मुख्यमंत्री द्वारा प्रदेश के 8500 युवाओं को रोजगार प्रदान किया गया है। उनका रोजगार देकर नियुक्ति पत्र प्रदान किया है। मंदसौर जिले के 116 युवाओं को नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया है। युवाओं से कहा की, नौकरी लोगों की भलाई करने के लिए होती है, लोगों के जल्दी से जल्दी नियमानुसार कार्य करें। सभी शासकीय कार्यों को लग्न एवं निष्ठा के साथ करें। आज मुख्यमंत्री द्वारा मध्य प्रदेश को स्वच्छता के क्षेत्र में अच्छा कार्य करने के लिए पुरस्कार प्रदान किया गया है। स्वच्छता में अच्छा पायदान प्राप्त करने के लिए सभी सफाई कर्मचारियों को बड़ी लगन और निष्ठा के साथ मेहनत करनी होती है, जो कि मंदसौर जिले ने किया है। मंदसौर जिले को दूसरी बार थ्री स्टार मिले हैं। सभी के प्रयास से हम आगे मंदसौर जिले को नंबर वन स्थिति पर लायेंगे। इसके लिए सभी लोग मिलकर प्रयास करें तथा सहयोग करे। इस दौरान सफाई कर्मियों का भी सम्मान किया गया।

# संगठन की सक्रियता का एहसास है मासिक मिलन बैठक-राठौड़

## पेंशनर महासंघ की बूढ़ा इकाई की मासिक मिलन बैठक संपन्न

**मंदसौर, 5 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** सेवानिवृत्त एवं पेंशनर्स नागरिक महासंघ जिला मंदसौर की बूढ़ा इकाई की मासिक मिलन बैठक जिला सचिव नंदकिशोर राठौर, नगर सचिव चंद्रकांत शर्मा, डे केयर सेंटर सचिव राजेंद्र पोरवाल, सत्यनारायण श्रीवास्तव, अंबालाल चंद्रावत, तहसील प्रभारी डॉ. देवीलाल सेठिया, पिपलिया इकाई अध्यक्ष पंकज शर्मा, हुक्मीचंद कनेरिया एवं श्री यादव की विशेष उपस्थिति में ग्राम बुढ़ा में संपन्न हुई।

इस अवसर पर नंदकिशोर राठौर ने अपने उद्बोधन में कहा कि महासंघ की जिले की 25 क्षेत्रीय इकाइयां एवं 15 मंदसौर नगर इकाइयां हैं जिनमें प्रतिमाह मासिक बैठकों का आयोजन होता रहता है मासिक बैठक ही संगठन की सक्रीयता का एहसास कराती हैं। इन बैठकों में ही स्थानीय समस्याओं को चिन्हित कर उन्हें दूर करने हेतु प्रयास इकाई स्तर से शुरू होकर जिले तक होते हैं। आज बूढ़ा की बैठक में जो पेंशनरों की पंजाब बैंक की समस्या आई है उसमें राम प्रसाद पाटीदार एवं शब्बीर हुसैन मंसूरी के खातों से प्रतिमाह तीन-चार हजार रुपए काट लिए जाते हैं इसका निराकरण अग्रणी बैंक अधिकारी की जानकारी में लाकर किया जाएगा। बैठक का शुभारंभ नीलकंठ महादेव मंदिर पर देव दर्शन एवं संगठन गीत जीवन में कुछ पाना है तो मन को मारे मत बैठो से हुई। बुढ़ा नगर इकाई के नाथूलाल वर्मा, विनोद कुमार जैन, कालूराम परमार, नानूराम राठौर,



कन्हैयालाल वर्मा, मंगलदास बैरागी, रामचंद्र वर्मा, बालाराम पाटीदार, रामप्रहलाद पाटीदार, रामभजन पाटीदार, कालू सिंह परिहार, शब्बीर हुसैन मंसूरी, रमेश चंद्र राठौर ने अतिथियों का स्वागत पुष्पहारों से किया। इस अवसर पर बूढ़ा इकाई के नानूराम राठौर के 80 वर्ष की आयु पूर्ण कर लेने पर अतिथियों ने संगठन की ओर से उनका सम्मान श्रीफल एवं पुष्पहारों से किया। कार्यक्रम का संचालन बुढ़ा नगर इकाई अध्यक्ष श्री बलराम पाटीदार ने किया तथा आभार सचिव कालूलाल परिहार ने माना।

# गायत्री परिवार व वर्क संस्था द्वारा दो सप्ताह शिवना शुद्धिकरण अभियान चलाया

**मंदसौर, 5 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** नगर को स्वच्छ बनाने हेतु कृत संकल्पित गायत्री परिवार एवं वर्क संस्था द्वारा दो सप्ताह तक शिवना शुद्धिकरण अभियान चलाकर शिवना नदी के घाटों की सफाई की तथा शिवना में जमे प्लास्टिक, कपडे व गंदगी को बाहर निकाला। महाशिवरात्रि पर्व पर काफी संख्या में बाहर से श्रद्धालुजन भगवान पशुपतिनाथ के दर्शन के लिये आते है एवं शिवना नदी में स्नान भी करते है लेकिन शिवना का पानी दूषित हो चुका है जिससे उन्हें बीमारियां होगी। हमारा उद्देश्य है कि हर नागरिक स्वच्छता के प्रति सजग बने ताकि उनके गली मोहल्ले एवं धार्मिक स्थल स्वच्छ हो। खिलचीपुरा की ओर से नाले का पानी शिवना नदी में मिलता है जिसे रोका



जाना भी आवश्यक है।

स्वच्छता प्रभारी हर्ष शर्मा ने कहा कि दो सप्ताह से शिवना शुद्धिकरण अभियान चलाया गया। आने वाले समय में जनसहयोग से माँ शिवना के जल को शुद्ध किया जायेगा। श्रमदानी को बहुत दुख होता है की जो कार्य शासन-प्रशासन व नगरपालिका को करना चाहिए वह कार्य धार्मिक संस्था कर रही है। माँ शिवना की हालात खराब हो गई है। पानी काला होता जा रहा है। न तो वहां होर्डिंग का कार्य किया जा रहा है। मंदिर प्रबंध समिति भी इस ओर ध्यान नहीं दे रही है। अगर ऐसे ही हालात रहे तो आने वाले समय में जन आंदोलन खड़ा होगा। शिवना शुद्धिकरण के लिये कई बार लिखित व मौखिक में आग्रह किया गया लेकिन उस पर अमल करना तो दूर लेकिन देखने तक कोई नहीं आया। वर्क संस्था के फिरोज हुसैन ने कहा कि गायत्री परिवार से जुड़कर श्रमदानी इस अभियान को आगे बढ़ा रहे है। जो मानव के लिये जरूरी है। जल, पर्यावरण, स्वच्छता तीनों अभियान जो आज की आवश्यकता है। नगर की सभी सामाजिक एवं धार्मिक संस्थाओं को भी इस स्वच्छता अभियान में आगे आना चाहिये। जनप्रतिनिधि भी राजनीति न करे बल्कि धरातल पर कार्य करे। रमेश सोनी ने इस अवसर पर कहा कि शिवना का गंदा होने का कारण नालों का मिलना है। शासन प्रशासन नालों को रोकने का कार्य करे। मंदिर में आने वाले दर्शनार्थी शिवना में स्नान करते है। इस अवसर पर श्रमदानी पतंजलि योग गुरु बंशीलाल टांक, योगेशसिंह सोम, रमेश सोनी, हर्ष शर्मा, फिरोज हुसैन, जाफर मंसूरी, उजेर मंसूरी नपा कर्मचारी दिनेश गोसर, राकेश बामनिया, समरथ डगले, ईश्वर चनाल ने स्वच्छता अभियान में भाग लिया।

# नपा परिषद मंदसौर को मिला अवार्ड



**मंदसौर, 5 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** मंगलवार को भोपाल में मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव, नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, मंत्री गण नरेन्द्र शिवाजी पटेल, श्रीमती प्रतिभा बागरी की गरिमामय उपस्थिति में नगरीय विकास व आवास विभाग के अधिकारियों के द्वारा मंदसौर नपा परिषद को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर नपाध्यक्ष श्रीमती रमादेवी बंशीलाल गुर्जर,नपा उपाध्यक्ष श्रीमती नम्रता प्रितेश चावला, स्वास्थ्य समिति सभापति श्रीमती दीपमाला रामेश्वर मकवाना, सीएमओ सुधीर कुमार सिंह, प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी हेमचंद्र शर्मा, स्वच्छता ब्राण्ड एम्बेसेडर रामेश्वर मकवाना ने यह पुरूस्कार प्राप्त किया। नगर पालिका मंदसौर ने देश में 51वां, प्रदेश में 15वां और उज्जैन संभाग में प्रथम स्थान प्राप्त किया है।

# वरिष्ठ नागरिक पेंशनर महासंघ की बैठक संपन्न, गहलोत को किया सम्मानीत

**पिपलियामंडी, 5 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** वरिष्ठ नागरिक पेंशनर महासंघ की बैठक गांधी चैराहा कार्यालय पर अध्यक्ष पंकज शर्मा, साहित्यकार भगवतीप्रसाद गहलोत, लक्ष्मीनारायण कराडा के आतिथ्य में हुई। सरस्वती वंदना हुकुमचंद कनेरिया ने प्रस्तुत की।

इस अवसर पर महासंघ के वरिष्ठ भगवतीप्रसाद गहलोत का शाल ओढाकर, पुष्पमाला पहनाकर अभिनंदन किया। पंकज शर्मा ने अपनी 1000 मौलिक दोहे वाली पुस्तक चांदी के मोती गेहलोत को भेंट की। लक्ष्मीनारायण कराडा ने कहा साहित्यकार गेहलोत विविध विधाओं में सृजन करने वाले व्यक्तित्व के धनी हैं, उनके लेख व रचनाएं मानव समाज को सतर्क रह कर चलते रहने की प्रेरणा देती रहती है। राजेंद्र केथवास ने प्रशिक्षण में मार्गदर्शन के अनुभव, सुरेश जैन ने तत्कालीन शाला बाउंड्री वायरफैंसिंग मार्गदर्शन व सहयोग के संबंध में तथा देवीलाल सेठिया ने आयुर्वेद सहभागिता अनुभव सुनाएं। बालूराम कराडा ने हास्य व्यंग की रचनाएं सुनाई। पंकज शर्मा ने मालवी भाषा में रचे दोहे सुनाए, सड़क वयई गी चिकनी, जो हेमा का गाल, चाले कारु कार में, बदली इंकी चाल। बैठक में होली मिलन समारोह 31 मार्च को मनाने, प्रत्येक मास के 11 तारीख को बैठक आयोजित करने, जिस माह में जिस वरिष्ठ नागरिक का जन्मदिन मनाने, सदस्यता अभियान में तेजी लाने जैसे निर्णय लिये गए, अंत में गेहलोत ने गीत इतनी शक्ति हमें देना दाता, मन का विश्वास कमजोर हो ना, हम चलें नेक रस्ते पे हमसे भूलकर भी कोई भूल हो ना प्रस्तुत किया। बद्रीलाल गुप्ता, अंकित गेहलोत आदि ने सहभागिता की। संचालन हुकमीचंद कनेरिया ने किया। आभार हरिसिंह यादव ने माना।

# नारायणगढ़ में स्वच्छता प्रेरणा समारोह संपन्न

**नारायणगढ़, 5 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** मुख्यमंत्री से प्राप्त निर्देशानुसार स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत दिनॉक 05 मार्च 2024 को निकाय के द्वारा स्वच्छता प्रेरणा समारोह का आयोजन किया गया।जिसमें निकाय द्वारा नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती ममता कुँवर जयराज सिंह जी चौहान, उपाध्यक्ष वीरेंद्र जी रूपरा, मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्री प्रमोद जी जैन, जनप्रतिनिधियों, नागरिको व निकाय कर्मचारियों के द्वारा तालाब की पाल पर स्वच्छता अभियान चलाया गया। जिसमें तालाब के आसपास की झाडियों की सफाई करवायी गई। तालाब के अंदर पडे प्लास्टिक को निकाला जाकर तालाब की सफाई करवायी गई। अभियान मे आए सभी गणमान्य को स्वच्छता की शपथ दिलाई दिलाई गई और सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग न करने के लिए जागरूक किया गया।



# राष्ट्रीय लाइनमेन दिवस पर लानइमेन का सम्मान

**मंदसौर, 5 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** मध्य प्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड इंदौर के प्रबंधक निर्देशक के निर्देशानुसार मंदसौर व्रत के अधीक्षण यंत्री श्रीमती आरसी जैन द्वारा बताया गया कि राष्ट्रीय लाइनमैन एवं राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस पर जिले के 13 विद्युत कर्मियों का सम्मान किया गया है। लाइनमैन न सिर्फ स्वयं सुरक्षित वातावरण में कार्य करें। उन्होंने कहा कि लाइनमैन साथी संपूर्ण मनोयोग से जटिल भौगोलिक एवं विपरीत जलवायु परिस्थितियों की चुनौती को सहज भाव से स्वीकार करते हुए अपने दायित्वों का निर्वहन करते हैं। लाइनों पर कार्य करते समय निर्धारित मानकों के अनुसार सुरक्षा उपकरणों का अनिवार्य रुप से उपयोग करें। कार्यक्रम के दौरान सभी

# नारी तू ... नारायणी

विश्व के विभिन्न क्षेत्रो में महिलाओ के प्रति सम्मान, प्रशंसा और स्नेह प्रकट करते हुए इस दिन को महिलाओ के आर्थिक, राजनीतिक और सामाजिक उपलब्धियो के उपलक्ष्य में उत्सव के रूप में सम्पूर्ण विश्व में प्रतिवर्ष आठ मार्च को

**पत्र संपादक के नाम**

**संपादक की सहमति आवश्यक नहीं**

अंतराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया जाता हे। नारी के कई रूप हे नारी जननी हे, मार्गदर्शिका हे, बेटी हे, बहन हे, पत्नी हे। भारत का इतिहास नारी शक्ति के शौर्य और संघर्ष से भरा पड़ा हे। प्रत्येक काल में पुरुष प्रधान समाज में नारियो का स्थान पूजनीय व वंदनीय रहा हे। अपने सामर्थ्य से महिलाओ ने कन्ही विदुषी बनकर भारतीय संस्कृति को नई उंचाईयां प्रदान की हे तो कन्ही वीरांगना बनकर अपने शौर्य और साहस से वीरता की नई गाथाएं लिखी हे। नारी की दृढता के आगे विपदाएं भी पेर पसार कर भागी हे। नारी ही हे जो नर को जन्म देती हे और उसे संस्कारो द्वारा नारायण बना सकती हे। बात इतिहास की करे या वर्तमान कालखंड की हर दौर में भारतीय महिलाओ का संघर्षपूर्ण जीवन एक नया अध्याय गड़ने वाला रहा हे। दृढ विचारो वाली सीता माता ने लंकेश को भी पराजित किया। द्रोपदी का प्रण किसे याद नही, स्वाभिमान जीवित रखने का पाठ हजारो पदमिनियो ने स्वयं जोहर कर के दिखाया। पति के अपमान का प्रतिकार रानी लक्ष्मीबाई ने अंग्रेजो को नाको चने चबवा कर लिया। नारी केवल कोमल जीव नही शक्ति स्वरूपा हे। आज की नारी प्रत्येक क्षेत्र में आगे बड़ रही हे चाहे वह क्षेत्र खेल हो या राजनीति, घर हो या उद्योग या चाहे राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री के पद पर आसीन होकर देश सेवा करने का काम हो। अब तो सेना में भी नारी शक्ति अपनी सशक्त उपस्तिथि अंकित कर रही हे। लेकिन इसके बाद भी हम देखते हे की नारी वर्तमान में अनेक कुरूतियो की शिकार हे। ये कुरुतिया उसके आगे बड़ने में बाधाएं उत्पन्न करती हे। पडे लिखे लोग व जागरूक समाज भी इस समस्या से अछूता नही हे। आज हजारो लडकियो को जन्म लेने से पहले ही कोख में मार दिया जाता हे। आज भी समाज में कई घर ऐसे हे जन्हा बेटियो को बेटो की तरह अच्छी शिक्षा नही दी जाती। बेटो और बेटियो के बीच भेदभाव किया जाता हे। इस सोच को पीछे छोडकर हमे आगे बड़ना होगा। भारतीय संस्कृति में नारी के सम्मान को बहुत महत्व दिया गया हे। ऐसा माना जाता हे की जन्हा नारी की पूजा होती हे वंहा ईश्वर निवास करते हे।वर्तमान समय में देखा जाए तो नारी को भोग की वस्तु समझकर व्यक्ति अपने तरीके से उपयोग कर रहा हे। यह चिंतनीय हे। महिलाओ के लिए नियम कानून कायदे तो बहुत बना दिए हे किंतु उन पर हिंसा और अत्याचार के आंकडो में अभी तक कोई कमी नही आई हे। देश का शायद ही ऐसा कोई कोना हो जंहा महिलाए दुर्व्यहार की शिकार न हो और तो और छोटी छोटी बेटियो के साथ जो अमानवीय घटनाएं हो रही हे निश्चित रूप से मानवता पर कलंक हे। देश में नारी सशक्तिकरण के साथ साथ पुरुषो का संस्कारिकरण भी जरूरी हे। हमारी संस्कृति को बनाए रखते हुए नारी का सम्मान कैसे किया जाए इस पर विचार करना वर्तमान समय की आवश्यकता हे। सरकारो ने भी अपने स्तर पर विभिन्न कल्याणकारी योजनाओ के माध्यम से नारी शक्ति के संरक्षण, संवर्धन एवम कल्याण के प्रयास किए ही हे किंतु इन प्रयासो को सफलता कन्हा तक मिली यह विचारणीय हे। महिलाओ को भी पुरुष प्रधान समाज की मानसिकता से बाहर आकर यह समझना होगा कि वह पुरुष प्रधान समाज नही बल्कि शक्ति प्रधान समाज का महत्वपूर्ण अंग हे और वह केवल एक दिन की सहानभूति नही अपितु हर दिन अपना अधिकार व सम्मान चाहती हे। समाज में महिलाओ की स्थिति में सुधार तभी आएगा जब लोगो की महिलाओ के प्रति सोच, आचरण व व्यवहार में बदलाव आएगा और तभी महिला दिवस मनाने की सार्थकता भी होगी।



**गौरव सोनी, मंदसौर**

# बेहतर और व्यवस्थित हो, आगामी सभी कार्यक्रम-मुख्यमंत्री

## मुख्यमंत्री ने आगामी 10 मार्च तक के विभिन्न कार्यक्रम तैयारियों की समीक्षा की

**नीमच, 5 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने कहा है,कि प्रदेश में आगामी 10 मार्च 2024 तक होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों की प्रभावी तैयारी की जाना सुनिश्चित की जाए।सभी कार्यक्रम बेहतर और व्यवस्थित हों।मुख्यमंत्री डॉ.यादव सोमवार को प्रदेश में होने वाले आगामी कार्यक्रमों की तैयारियों की मुख्यमंत्री निवास स्थित समत्व भवन में समीक्षा कर रहे थे।बैठक में नगरीय विकास एवं आवासमंत्री श्री श्री कैलाश विजयवर्गीय, मुख्य सचिव श्रीमती वीराराणा, सहित वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।जनप्रतिनिधि, संभागायुक्त और कलेक्टर वीसी के माध्यम से बैठक से जुडें।

मुख्यमंत्री डॉ.यादव ने कहा,कि 5 मार्च को भोपाल के लाल परेड ग्राउंड पर नियुक्ति पत्रों के वितरण, स्वच्छ सर्वेक्षण 2023 का राज्यस्तरीय सम्मान समारोह, नगारीय निकायों को 820.20 करोड़ का अंतरण सहित विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।उन्होंने कहा, कि प्रदेश के चयनित अभ्यर्थियों को सिंगल क्लिक के माध्यम से नियुक्ति पत्र वितरित होंगे।कुल 8 हजार 835 नियुक्ति पत्र वितरित होंगे जिनमें से तीन हजार अभ्यार्थियों को मौके पर ही नियुक्ति पत्र दिए जाएंगे। मुख्यमंत्री डॉ.यादव ने कहा,कि 6 मार्च को ग्वालियर में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्रमोदी द्वारा वीसी के माध्यम से देश की स्व-सहायता समूहों की बहनों से चर्चा का कार्यक्रम आयोजित किया गया है। इसके अलावा भिंड में सहकारिता एवं किसान सम्मेलन का आयोजन होगा। अशोकनगर में क्राफ्ट हेंडलूम टूरिज्म विलेज परियोजना का शुभारंभ कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। भोपाल के कुशाभाऊ ठाकरे इंटरनेशनल कन्वेंशन सेन्टर के सभागार में मध्यप्रदेश में गौ-शालाओं के बेहतर प्रबंधन पर हितधारकों की कार्यशाला का समापन सत्र आयोजित होगा। मुख्यमंत्री डॉ.यादव ने कहा,कि 7 मार्च को चित्रकूट जिला सतना में श्रीराम वन पथ गमन के कार्यक्रम से प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी वर्चुअली जुड़ेंगे। इसके लिए समय रहते प्रभावी तैयारी सुनिश्चित कर ली जाए। उन्होंने कहा,कि इसी दिन सिंगरौली में राज्य ग्रामीण और शहरी आजीविका मिशन कार्यक्रम आयोजित होगा। इस अवसर पर विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन भी किया जाएगा।

7 मार्च को ही इंदौर में राज्यस्तरीय साडी वॉकथॉन कार्यक्रम होगा।मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा,कि 10 मार्च 2024 को प्रधानमंत्री श्री मोदी ग्वालियर एयरपोर्ट भवन के उद्घाटन से वीसी के माध्यम से जुड़ेंगे।इस अवसर पर संबल योजना के हितग्राहियों को सिंगल क्लिक से राशि वितरण कार्यक्रम भी होगा। मुख्यमंत्री डॉ.यादव ने कहा, कि सभी कलेक्टर्स शासन की अच्छी छवि बनाने के लिए नवाचार करें। मुख्यमंत्री डॉ.यादव ने कहा, कि भगवान श्री राम और भगवान श्री कृष्ण के जहां-जहां पग पडे हैं,उन स्थानों का चयन किया जाए। उन्होंने कहा, कि गौवंश एवं गौ-शालाओं के लिए सु-प्रबंधन सुनिश्चित किया जाए। लोगों को घरों में ही गाय रखने के लिए प्रोत्साहित किया जाए।किसी भी हालत में गायें सड़कों पर न रहें। नीमच के एनआईसी कक्ष में विधायक श्री दिलीपसिंह परिहार, कलेक्टीर श्री दिनेश जैन, जिला पंचायत सीईओ श्री गुरूप्रसाद सहित विभिन्नय विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित थे।

# क्विज प्रतियोगिता सम्पन्न

**मंदसौर, 5 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** शासकीय कन्या महाविद्यालय मंदसौर की प्राचार्य डॉ. उमा गगरानी ने बताया कि दिनांक 5 मार्च 2024 को महाविद्यालय में ईएलसी क्लब (मतदाता जागरूकता) के अंतर्गत एक क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसने प्रथम स्थान पायल धनगर, द्वितीय स्थान योगिता भाटी, तृतीय स्थान निशा परिहार, सरोज कुमावत, प्रियांशी सोनगरा ने प्राप्त किया। प्रतियोगिता का आयोजन डॉ निरंजन गंगवाल, श्री कांतिलाल कुमावत, डॉ प्रीति मुराडिया, श्री मनीष पांचाल, डॉ स्मिता मंडलोई ने किया।

# जनसुनवाई में 61 आवेदन आए

**मंदसौर, 5 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** सुशासन भवन सभाकक्ष में ग्रामीण जनों की समस्याएं सुनी प्रति मंगलवार की तरह जिला कलेक्ट्रेट (सुशासन भवन) में साप्ताहिक जनुसनवाई कार्यक्रम आयोजित किया गया। जनसुनवाई में जिले भर से आए 61 आवेदकों की समस्याएं सुनी। जनसुनवाई में आवेदकों ने अपनी समस्या/ शिकायत/ मांग/ आर्थिक सहायता संबंधी आवेदन दिये। जनसुनवाई में दौरान वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों ने सभी आवेदकों से आवेदन पत्र प्राप्त कर उन पर समुचित कार्यवाही के लिये विभाग प्रमुखों की ओर प्रेषित किया। जनसुनवाई में बीपीएल सूची में नाम जुडवाने, प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना के तहत आवास मंजूर करने, निजी भूमि पर अवैध अतिक्रमण, भूमि विवाद, बीमारी सहायता, आपसी विवाद, शिक्षा ऋण दिलाने, सामुदायिक सुविधा घर (कम्युनिटी टायलेट) बनवाने आदि विषयों के आवेदन प्राप्त हुये। जिनके निवारण हेतु संबंधित विभागाधिकारियों को निर्देश दिये।



# ग्रामीण पेयजल आपूर्ति व्यवस्था की पूरी तैयारी करें-जैन

**नीमच, 5 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** राजस्व महाअभियान की अवधि एक सप्ताह के लिए बढा दी गई है। सभी राजस्वं अधिकारी राजस्व महाअभियान के तहत दर्ज प्रकरणों का समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित करें। नक्शा तरमीम, ई-केवायसी का कार्य प्राथमिकता से पूर्ण करवाये। यह निर्देश कलेक्टर श्री दिनेश जैन ने मंगलवार को कलेक्टो रेट सभाकक्ष नीमच में समय-सीमा पत्रों के निराकरण की समीक्षा बैठक में दिए। बैठक में एडीएम सुश्री नेहा मीना, जिला पंचायत सीईओ श्री गुरूप्रसाद, संयुक्त कलेक्टुर श्री राजेश शाह, सुश्री प्रिती संघवी, सभी एसडीएम, डिप्टी कलेक्टंर व जिला अधिकारी उपस्थित थे।

बैठक में कलेक्टर श्री जैन ने आगामी दिनों में आयोजित होने वाले राज्यस्तरीय कार्यक्रमों का जिले में सुव्यवस्थित एवं प्रभावी आयोजन सुनिश्चित करने तथा कार्यक्रमों में जनप्रतिनिधियों और आमजनों की भागीदारी सुनिश्चित करने, लाईव प्रसारण की व्यवस्था करने के निर्देश भी दिए। कलेक्टर ने सभी राजस्व अधिकारियों को राजस्व की बकाया वसूली पर विशेष फोकस करने और बडे बकायादारों से प्राथमिकता से बकाया राजस्व भी वसूली करवाने के निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर श्री दिनेश जैन ने सभी एसडीएम, जनपद सीईओ एवं लोक स्वास्थ्या.विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि आगामी दिनों में ग्रामीण पेयजल आपूर्ति व्यवस्था की तैयारी कर ले। सम्भावित समस्यामूलक गांवों को चिन्हित कर लें, सरपंच, सचिवों की बैठक कर पेयजल समस्या के समाधान की ग्रामवार सुचारू कार्ययोजना बनाकर प्रस्तुकत करें। हेण्डकपम्प संधारण एवं स्पेगयर पाईप राईजर पाईप की पयाप्ति उपलब्धिता सुनिश्चित करें। नवीन नलकूप निर्माण के लिए गावों स्थानों को चिन्हित कर लें। पेयजल की गुणवत्ता पर भी नजर रखी जाए। यदि पेयजल आपूर्ति के लिए कोई विकल्प ना हो, तो ऐसी स्थिति में पेयजल परिवहन के लिए जलस्त्रोतो को चिन्हित कर लिया जावे। कलेक्टर ने मिलावट से मुक्ति अभियान के लिए विशेष अभियान चलाकर, दूध और दुग्ध उत्पादों के सभी संस्थ्नों की जांच करवाने के निर्देश भी एसडीएम एवं एफएसओ को दिए। कलेक्टर ने सभी जिला अधिकारियों को सीएम हेल्पलाईन में अपने विभाग की रैंक सुधारने के निर्देश भी दिए।

# मंदसौर मंडी भाव

| उपज | आवक बोरी में | न्यूनतम | अधिकतम |
|---|---|---|---|
| मक्का | 14 | 2240 | 2383 |
| उडद | 2 | 6000 | 7800 |
| सोयाबीन | 2500 | 3851 | 4551 |
| गैहु | 9000 | 2881 | 2981 |
| चना | 1200 | 45000 | 5569 |
| मसुर | 400 | 4900 | 5550 |
| धनिया | 375 | 5000 | 7200 |
| लहसुन | 26000 | 4000 | 13000 |
| मैथी | 727 | 5099 | 6300 |
| अलसी | 486 | 4381 | 5226 |
| सरसो | 13002 | 4500 | 4550 |
| तारामीरा | 4 | 4699 | 4740 |
| इसबगोल | 1 | 14000 | 14000 |
| प्याज | 183 | 680 | 1480 |
| कलोंजी | 34 | 11300 | 18400 |
| डॉलर | 0000 | 0000 | 0000 |
| तिल्ली | 1 | 12250 | 12250 |
| मटरसुखी | 1 | 4200 | 4200 |
| असालीया | 174 | 5120 | 7241 |

# 27 मार्च से 27 मई 2028 तक होगा सिंहस्थ-2028 महापर्व

## उज्जैन-इंदौर संभाग को धार्मिक-आध्यात्मिक सर्किट के रूप में विकसित किया जाए, मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने की सिंहस्थ-2028 की प्रस्तावित कार्ययोजना की समीक्षा

**भोपाल, 5 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि सिंहस्थ-2028 के लिए सिंहस्थ-2028 के लिए उज्जैन-इंदौर संभाग को धार्मिक-आध्यात्मिक सर्किट के रूप में विकसित किया जाए। पशुपतिनाथ मंदसौर, खंडवा स्थित दादा धूनी वाले, भादवा माता, नलखेड़ा, ओंकारेश्वर आदि तक सुगम आवागमन और उनके अधोसंरचना सुधार को सम्मिलित करते हुए उज्जैन-इंदौर संभाग को समग्र धार्मिक-आध्यात्मिक सर्किट के रूप में विकसित किया जाए। 27 मार्च से 27 मई 2028 तक आयोजित होने वाले सिंहस्थ महापर्व के लिए विकसित की



जा रही व्यवस्थाओं में जनभागीदारी को भी प्रोत्साहित किया जाए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव सिंहस्थ-2028 की प्रस्तावित कार्ययोजना पर मंत्रालय में आयोजित बैठक को संबोधित कर रहे थे।

बैठक में ये रहे सम्मिलित- बैठक में नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा, जल संसाधन मंत्री श्री तुलसी सिलावट, मुख्य सचिव श्रीमती वीरा राणा, पुलिस महानिदेशक सुधीर सक्सेना कमिश्नर उज्जैन डॉ संजय गोयल, उज्जैन कलेक्टर नीरज कुमार सिंह तथा अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

**क्षिप्रा के घाटों का विस्तार , पार्किंग व्यवस्था सुनिश्चित की जाए-** मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सिंहस्थ-2028 के लिए मेला क्षेत्र को सुव्यवस्थित रूप से विकसित किया जाए। क्षिप्रा नदी के घाटों का विस्तार किया जाए ताकि बड़ी संख्या में आने वाले श्रद्धालु सरलता से स्नान कर सकें। निजी वाहनों की संख्या बढ़ने के परिणामस्वरूप सड़क मार्ग से सिंहस्थ में आने वालों की संख्या बहुत अधिक होगी, अत: पर्याप्त पार्किंग व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। पिछले सिंहस्थ में आए श्रद्धालुओं की श्रंखला के आधार पर आगामी सिंहस्थ में आगंतुकों की संख्या का अनुमान लगाकर उज्जैन पहुंचने वाले सभी मार्गों पर मूलभूत सुविधाओं सहित गेस्ट हाउस विकसित किए जाएं। उज्जैन शहर में बड़ी संख्या में बनें होटलों और धर्मशालाओं की व्यवस्था को भी सुदृढ़ किया जाए। इसके साथ ही उज्जैन से लगे ग्रामीण क्षेत्र में होमस्टे व्यवस्था को भी प्रोत्साहित किया जाए।

**कार्ययोजना में 523 कार्य 18 हजार 840 करोड़ की लागत से प्रस्तावित-** उल्लेखनीय है कि वर्ष 2028 में 27 मार्च से 27 मई तक सिंहस्थ महापर्व सम्पन्न होगा। इस महापर्व में 9 अप्रैल से 8 मई की अवधि में 03 शाही स्नान और 07 पर्व स्नान प्रस्तावित हैं। सिंहस्थ महापर्व में लगभग 14 करोड़ श्रद्धालुओं के आगमन का अनुमान है। अत: इंदौर और उज्जैन संभाग के जिलों को सम्मिलित करते हुए सिंहस्थ-2028 के लिए प्रारंभिक कार्ययोजना बनाई गई है। जिसमें 19 विभागों से संबंधित लगभग 18 हजार 840 करोड़ के 523 कार्य प्रस्तावित हैं।

**परिवहन सहित अन्य मुद्दों पर मंथन-** बैठक में श्रद्धालुओं के परिवहन की सुगम व्यवस्था, मुख्य सड़कों के विकास, नवीन सड़कों के निर्माण, पेयजल, क्षिप्रा शुद्धिकरण, विद्युत आपूर्ति, कानून व्यवस्था और ट्रेफिक मैनेजमेंट, सिंहस्थ अवधि में आवास व्यवस्था, पर्यटन स्थलों के विकास आदि विषयों पर विचार-विमर्श हुआ।

## सोमनाथ महादेव की सवारी करेगी मनासा नगर भ्रमण

**मनासा, 5 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी रामपुरा रोड स्थित भगवान सोमनाथ महादेव की शाही सवारी नगर भ्रमण पर निकलेगी ओर सोमनाथ महादेव नगर की जनता को आशीर्वाद प्रदान करेंगे!यह भव्य सवारी दिनांक 8 मार्च महाशिवरात्रि को दोपहर एक बजे निकाली जाएगी ज़ो गाँधी चोक सब्जी मंडी होते हुए जूनासाथ मोहल्ला से उषागंज होकर सोमनाथ महादेव मंदिर जाएगी जहाँ शाम को महाआरती के बाद बाबा को महाप्रसादी का भोग लगाया जायेगा इस शाही सवारी के आकर्षण केंद्र बैंड बाजे ढोल अखाडे स्वाँगधारियों के साथ ही खाटू श्याम का दरबार आकर्षण का केंद्र रहेगा इस भव्य शाही सवारी के आयोजन मे सोमनाथ बाबा के आशीर्वाद झळ कृपा बरसेगी इस धर्ममय आयोजन को सफल बनाने की अपील पंडित आशीष शर्मा पंडित कँवरलाल जी पुरोहित ओर आयोजन समिति के सदस्यों द्वारा की गई है!





## भूरिया महादेव मंदिर में भव्य रूप से बनेगा महाशिवरात्रि पर्व

**मंदसौर, 5 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी मेघदूत नगर बालाजी समिति द्वारा मेघदूत नगर के राजाधिराज श्री भूरिया महादेव मंदिर में सातवीं बार महाशिवरात्रि पर्व पर भव्य आयोजन होंगे। 8 मार्च, शुक्रवार को प्रात:काल से ही विशेष अभिषेक, पूजन अर्चन कर ढोल ढमाकों के साथ महाआरती की जाएगी। समिति द्वारा विशेष श्रृंगार व अभिषेक सायं 4 बजे से किया जाएगा। सायं 7.30 बजे महादेव को 301 किलो फलिहारी खिचड़ी का भोग लगाकर भक्तों को प्रसाद वितरित किया। उक्त जानकारी देते हुए श्री भूरिया महादेव मंदिर समिति संरक्षक नेमीचन्द खिमेसरा ने बताया कि प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी महाशिवरात्रि पर्व पर भगवान भोलेनाथ का विशेष श्रृंगार किया जाएगा। मंदिर को भव्य रूप से सजाया जाएगा। भक्तों के सुविधा हेतु समिति द्वारा तैयारियां प्रारंभ कर दी गई है। समिति के सभी सदस्यों ने नगर के सभी शिव भक्तों से उपस्थित होकर धर्मलाभ प्राप्त करने की अपील की है।

# पांचवी-आठवी बोर्ड पैटर्न परीक्षा आज से

## प्रदेश में 25.50 लाख विद्यार्थियों के लिए लगभग 12 हजार परीक्षा केन्द्र बनाए गए

**मंदसौर, 5 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** प्रदेश में राज्य शिक्षा केन्द्र, स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित की जा रही पाँचवीं-आठवीं कक्षाओं की बोर्ड पैटर्न परीक्षा 6 मार्च से शुरू हो रही है। राज्य शिक्षा केन्द्र द्वारा विद्यार्थियों के सुलभ आवागमन की दृष्टि से परीक्षा के लिए नजदीकी स्कूलों में 11 हजार 986 परीक्षा केन्द्र बनाए हैं। राज्य शिक्षा केन्द्र के संचालक श्री धनराजू एस ने बताया कि परीक्षा केन्द्रों के निर्धारण में इस बात का विशेष ध्यान रखा गया है कि ये परीक्षा केन्द्र स्कूलों से कम से कम दूरी पर हों। साथ ही इन परीक्षा केन्द्रों पर स्कूलों की क्षमता अनुसार विद्यार्थियों के लिए सुविधाएँ उपलब्ध रहें। उल्लेखनीय है कि सरकारी स्कूलों के साथ ही निजी स्कूलों और मदरसों के विद्यार्थी भी इस बोर्ड पैटर्न परीक्षा में शामिल होंगे।

प्रदेश में इस वर्ष एक लाख 14 हजार 956 सरकारी, प्रायवेट स्कूल और मदरसों के लगभग 25 लाख 51 हजार 818 विद्यार्थी परीक्षा में शामिल हो रहे हैं। इनमें से 203 निजी स्कूलों के 6,621 छात्रों के लिए एनसीईआरटी पाठ्यक्रम के अनुसार पृथक से भाषा विषय के प्रश्न-पत्र तैयार किए गए हैं। संचालक श्री धनराजू एस ने बताया कि परीक्षाओं के सुचारू संचालन के लिए स्कूल शिक्षा विभाग ने पृथक से एक आईटी पोर्टल तैयार किया है। इसके माध्यम से परीक्षा का पूर्ण संचालन और समस्त व्यवस्थाएँ ऑनलाइन की गई हैं। इसी पोर्टल के माध्यम से विद्यार्थियों का सत्यापन, परीक्षा केन्द्रों का निर्धारण, केन्द्राध्यक्षों की मेंपिंग, सामग्री वितरण आदि कार्यों के संपादन के साथ ही परीक्षार्थियों के रोल नम्बर और प्रवेश-पत्र जारी करने की सुविधा भी प्रदान की गई है। इसी पोर्टल के माध्यम से विद्यार्थियों की परीक्षा में उपस्थिति दर्ज होगी। परीक्षा के बाद होने वाले मूल्यांकन कार्यों और अंक-सूची प्रदान करने की सुविधा भी इसी पोर्टल के द्वारा प्रदान की जायेगी।

**पात्र विद्यार्थी को परीक्षा का अवसर-** संचालक राज्य शिक्षा केन्द्र ने बताया कि हालांकि सभी स्कूलों को प्रत्येक विद्यार्थी को इन परीक्षाओं में शामिल करवाने के निर्देश प्रदान किए हैं। इसके बाद भी कक्षा 5वीं या 8वीं का कोई भी विद्यार्थी अगर किसी कारण से परीक्षा तिथि तक भी पंजीकृत नही हो पाया हो, तो उसे भी परीक्षा में शामिल करने के लिए केन्द्राध्यक्षों को निर्देश दिए गए हैं। ऐसे विद्यार्थियों के विवरण को परीक्षा के बाद पोर्टल पर दर्ज किया जायेगा।

## विलेज प्रॉस्पेरिटी रेसिलिएंस प्लान के क्रियान्वयन के लिये समन्वय समिति गठित

**मंदसौर, 5 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** राज्य शासन द्वारा विलेज प्रॉस्पेरिटी रेसिलिएंस प्लान के प्रभावी क्रियान्वयन के लिये राज्य स्तरीय समन्वय समिति का गठन किया गया है। इस तारतम्य में अपर सचिव श्री सचिन्द्र राव द्वारा आदेश जारी किए गए हैं। जारी आदेश में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के विकास आयुक्त समिति के अध्यक्ष रहेंगे। आयुक्त मनरेगा, आयुक्त/प्रतिनिधि लोक शिक्षण संचालनालय, आयुक्त/प्रतिनिधि महिला एवं बाल विकास विभाग, संचालक पंचायत राज संचालनालय, संचालक एसआईआरडी जबलपुर, संचालक/प्रतिनिधि किसान कल्याण एवं कृषि विकास, संचालक/प्रतिनिधि पशुपालन एवं डेयरी विकास, संचालक/प्रतिनिधि लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा, संचालक/प्रतिनिधि सामाजिक न्याय एवं नि:शक्तजन, संचालक/प्रतिनिधि तकनीकी शिक्षा कौशल विकास एवं रोज़गार, आयुक्त/प्रतिनिधि सूक्ष्म लघु और मध्यम उद्यम, संचालक/प्रतिनिधि लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, संचालक/प्रतिनिधि उद्यानिकी और खाद्य प्रसंस्करण विभाग, संचालक/प्रतिनिधि मछुआ कल्याण तथा मत्स्य विकास विभाग तथा आयुक्त/प्रतिनिधि जनजातीय कार्य विभाग सदस्य के रूप में एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी मध्यप्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन समन्वयक सदस्य के रूप में समिति में सम्मिलित रहेंगे। उक्त राज्य स्तरीय समन्वय समिति विलेज प्रॉस्पेरिटी रेसिलिएंस प्लान के प्रभावी क्रियान्वयन, आवश्यक सहयोग, निगरानी, मूल्यांकन एवं गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखेगी। समिति योजना की नियमित समीक्षा करेगी एवं योजना के क्रियान्वयन में अन्य विभागों की आवश्यकता होने पर सहभागिता सुनिश्चित करेगी। उल्लेखनीय है कि ग्रामीण विकास विभाग भारत सरकार द्वारा दिए गए निर्देशों के अनुक्रम में मध्यप्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत विलेज प्रॉस्पेरिटी रेसिलिएंस प्लान महिला स्व-सहायता समूह सदस्यों द्वारा तैयार किए जाने के उपरांत जीपीडीपी में सम्मिलित किया जाना है।

## महिला को पीटा, बेटे व बहू पर मारपीट का केस दर्ज

**पिपलियामंडी, 5 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** महिला के साथ मारपीट करने पर बेटे, बहू पर पुलिस ने केस दर्ज किया। मल्हारगढ थाने पर आमना बी ने शिकायत दर्ज कराई कि स्टेशन मार्ग स्थित मेरे मकान पर मुझसे मिलने मेरी तीनों बेटियां आई थी, इसी दौरान मेरा बेटा फिरोज व उसकी पत्नी शेहनाज आई और बोली की यह तीनों यहां क्यों आती है। दोनों ने गाली-गलौज की व पाइप से मारी, जिससे चोंटे आई। पुलिस ने दम्पत्ति के खिलाफ केस दर्ज किया।

## कृषि एवं सहकारिता सम्मेलन आज

**मंदसौर, 5 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** अपर कलेक्टर मंदसौर द्वारा बताया गया कि कृषि एवं सहाकारिता सम्मेलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना की वर्ष 2023- 24 की तृतीय किश्त का वितरण मुख्यमत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा भिंड से प्रदेश के किसानों को सिंगल क्लिक के माध्?यम वितरित किया जाएगा। कार्यक्रम 6 मार्च को दोपहर 12.30 बजे आयोजित किया जाएगा।

# रासेयो शिविर की विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में महती भूमिका हैं-गुर्जर

## राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा आयोजित शिविर का हुआ समापन



**मंदसौर, 5 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** शास. स्नातकोत्तर महाविद्यालय मन्दसौर के प्राचार्य डॉ. एल.एन. शर्मा ने बताया कि महाविद्यालय की रासेयो इकाई द्वारा आदर्श ग्राम पंचायत बालागुडा के सौजन्य से आयोजित इकाई स्तरीय सप्त दिवसीय विशेष नेतृत्व प्रशिक्षण शिविर का समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह राज्यसभा सांसद माननीय श्री बंशीलाल जी गुर्जर एवं महाविद्यालय की स्थानीय प्रबन्धन समिति के अध्यक्ष श्री नरेश चन्दवानी की उपस्थिति में 04 मार्च 2024 को एकीकृत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बालागुडा में सम्पन्न हुआ।

कार्यक्रम के प्रारंभ में स्वयंसेवकों ने परेड द्वारा एवं स्वयंसेवक विनय शर्मा तथा प्रिया माली ने सांस्कृतिक नृत्य द्वारा अतिथियों का स्वागत किया। स्वयंसेवक गणेश उपाध्याय एवं देवांश मालवीय ने स्वागत गीत एवं सरस्वती वंदना प्रस्तुत की, सरस्वती पूजन और दीप-दीपन के बाद कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। रासेयो शिविर के समापन कार्यक्रम में पधारें मुख्य अतिथि एवं मध्य प्रदेश से राज्यसभा सांसद श्रीमान बंशीलाल जी गुर्जर ने स्वयं सेवकों को संबोधित करते हुए कहा कि रासेयो शिविर विद्यार्थियों के व्यक्तित्व को निखारने एवं सर्वांगीण विकास में अपनी महती भूमिका निभाते हैं। ऐसे शिविर में विद्यार्थियों को बढ़-चढ़कर भाग लेना चाहिए। श्री सांसद जी ने स्वयंसेवकों द्वारा किए गए स्वच्छता, जागरूकता अभियान, पर्यावरण जागरुकता, नशा मुक्ति संदेश एवं जन जागरूकता कार्यक्रमों की सराहना की और कहा कि आपके द्वारा किए गए कार्य समाज को प्रेरणा प्रदान करेंगे, साथ ही स्वयंसेवकों को आत्मनिर्भर के महत्व बारे में बताया। इसी कडी में विशिष्ट अतिथि एवं महाविद्यालय की स्थानीय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष श्री नरेश चंदवानी ने रासेयो इकाई के माध्यम से किए जा रहें नवाचारों की सराहना की तथा आपने स्वयंसेवकों द्वारा की गई गणतंत्र दिवस परेड का एवं रासेयो यूनिट को प्रदान किए गए वाद्ययंत्रों का जिक्र भी किया एवं महाविद्यालय की तरफ से हर सहयोग उपलब्ध कराने का आश्वासन भी दिया।

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. बी. आर. नलवाया ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि संबोधित करते हुए कहा कि यह बड़े गर्व की बात है कि महाविद्यालय की रासेयो इकाई ने पिछले वर्ष भी विश्वविद्यालय एवं जिला स्तरीय रासेयो शिविर का आयोजन किया था तथा उन्होंने इस वर्ष संस्था स्तरीय कैंप की सफलता के लिए जिला संगठक डॉ. के.आर. सूर्यवंशी, कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अनिल कुमार आर्य एवं डॉ. गोरा मुवेल द्वारा किए गए कार्यों की मुक्त कंठ से प्रशंसा की। आदर्श ग्राम पंचायत बालागुडा के सरपंच प्रतिनिधि मंजू प्रकाश पाटीदार ने रासेयो शिविर के माध्यम से किए गए कार्यों की सराहना की। आपने आगे भी ग्राम बालागुडा में रासेयो शिविर लगाने का आग्रह किया एवं पंचायत द्वारा पूर्ण सहयोग प्रदान करने का आश्वासन भी दिया। समापन सत्र में अतिथियों का परिचय जिला संगठक डॉ. के. आर. सूर्यवंशी ने किया तथा शिविर प्रतिवेदन का वाचन शिविर नायक अर्पित परमार द्वारा किया गया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अनिल कुमार आर्य ने स्वयं सेवकों को प्रमाण पत्र एवं शील्ड प्रदान करने की घोषणा की। स्वयंसेवक हर्षिता पाटीदार एवं विनय शर्मा ने शिविर के अपने अनुभवों से अतिथियों को अवगत कराया। समापन सत्र का संचालन स्वयंसेवक कुलदीप बैरागी और प्राची सोनी ने किया तथा अतिथियों का आभार कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अनिल कुमार आर्य ने माना। इस अवसर पर जनपद पंचायत सदस्य कमलेश पाटीदार, उपसरपंच प्रतिनिधि श्री दिनेश पाटीदार, खेड़ा खदान के सरपंच प्रतिनिधि के रूप में श्री मनुदेव आर्य, सचिव श्री लालसिंह शक्तावत, अभाविप के जिला संयोजक श्री विजय गर्ग, सांसद प्रतिनिधि रमेश चन्द्र पाटीदार, बालागुढा दुग्ध डेयरी के अध्यक्ष एवं सचिव, शा.उ.मा.विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य श्री मनोहर सोनी एवं विद्यालय स्टॉफ, महाविद्यालय के मुख्य लिपिक धर्मेन्द्र आर्य, प्रो. प्रहलाद भट्ट, प्रो. रीतु शर्मा उपस्थित थे। इससे पूर्व स्वयंसेवकों ने ग्राम में मद्य निषेध जागरूकता रैली निकाली एवं परियोजना कार्य के रूप में मुक्तिधाम परिसर में प्लास्टिक एवं कचरा हटाकर परिसर को स्वच्छ किया। विद्यार्थियों ने मुक्तिधाम परिसर में वृक्षारोपण किया एवं सोख्ता गड्डों का निर्माण किया। साथ ही ग्राम में जाम हो रही नालियों से कचरा हटाकर स्वच्छता अभियान चलाया।

## पिपलियामंडी व नारायणगढ़ के सफाईकर्मियों को नियमित करने की मांग

**पिपलियामंडी, 5 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** अखिल भारतीय सफाई मजदूर का. ट्रेड यूनियन (रजि.) म.प्र. के जिलाध्यक्ष मुकेश चनाल ने सफाई कर्मचारियों के साथ मंगलवार को जिला कलेक्टर को जनसुनवाई में आवेदन देकर नगर परिषद पिपलियामंडी एवं नगर पंचायत नारायणगढ में कर्मचारियों को नियमित करने की मांग की। आवेदन में बताया संभागीय संयुक्त संचालक नगरीय प्रशासन एवं विकास उज्जैन के पत्र अनुसार नीमच नगरपालिका में सफाई कर्मचारियों को नियमित कर दिया गया है। लेकिन पिपलियामंडी एवं नारायणगढ में 15 वर्षो से कार्य कर रहे दैनिक वेतन भोगी सफाई कर्मियों को अभी तक नियमित नहीं किया गया है। कार्यरत दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों को विनियमितिकरण उपरांत स्थायीकर्मियों को रिक्त चतुर्थ श्रेणी के पदों पर नहीं रखा गया है। जबकि इस संबंध में संदर्भित पत्र के माध्यम से मुख्य नगरपालिका परिषद मंदसौर एवं मुख्य नपाधिकारी नगरपालिका नीमच को पत्र संयुक्त संचालक नगरीय प्रशासन एवं विकास उज्जैन द्वारा दिये जा चुके है। नगर पंचायत नारायणगढ एवं नगर परिषद पिपलियामंडी का क्षेत्रफल व जनसंख्या भी बढ़ी है। जिस अनुसार पदों को बढ़ाते हुए 50 प्रतिशत पुरूष एवं 50 प्रतिशत महिलाओं की नियुक्ति की जाए। इस अवसर पर जिला सचिव गोपाल राठोर, नगर अध्यक्ष बबलू राठोर, मनीष राठौड, इन्दरमल घारू, सुरेश कुमार उठवाल, सुनील राठौड, कैलाश उठवाल, मुकेश उठवाल, शंकरलाल राठौर, रवि उठवाल, रिंकु राठोर, अनिल राठौर, अनिल, नागेश्वर राठौर, सचिन राठौर, अजय राठौर, रवि राठौर सहित अनेक सफाई कर्मचारी उपस्थित थे।

## प्रधानमंत्री आज स्व सहायता समूह की बहनों से वर्चुअल चर्चा करेंगे

**नीमच, 5 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी आज 6 फरवरी को प्रात: 11 बजे ग्वाकलियर से वीडियों कांफ्रेसिंग के माध्यम से देश की स्व् सहायता समूह की बहनों से चर्चा करेंगे। इस कार्यक्रम का उपखण्डा, जनपद एवं नगरीय निकायों स्त र पर सीधा प्रसारण भी किया जावेगा। स्थानीय कार्यक्रम प्रात: 10.30 बजे से प्रारंभ होगा। कार्यक्रम के लिए संबंधित एसडीएम नोडल अधिकारी एवं जनपद सीईओ एवं सीएमओ सहायक नोडल अधिकारी नियुक्तर किए गए है। स्था नीय जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में आयोजित इस कार्यक्रम में महिला हितग्राहियों की अधिकाधिक उपस्थिति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए है। आज 6 मार्च को ग्वालियर में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्रमोदी द्वारा वीसी के माध्यम से देश की स्व-सहायता समूहों की बहनों से चर्चा का कार्यक्रम आयोजित किया गया है। इसके अलावा भिंड में सहकारिता एवं किसान सम्मेलन का आयोजन होगा। अशोकनगर में क्राफ्ट हेंडलूम टूरिज्म विलेज परियोजना का शुभारंभ कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

## एक घंटे बंद रहा टोल, मैनेजर ने...

पेज 1 से जारी

सिक्योरमाइंड सिक्योरिटी सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड के सुरक्षा कर्मियों की अब 14 ट्रैफिक मार्शल से अधिक संख्या की आवश्यकता नहीं है। इस कमी का श्रेय फास्टेग प्रणाली क्रियान्वयन और ऑटोमेशन मोड में परिवर्तन को दिया जाता है। नतीजतन, उपरोक्त 14 ट्रैफिक मार्शलों की सेवाएं परिचालन संबंधी जरूरतों को पूरा करने के लिए पर्याप्त मानी जाएंगी। तदनुसार, प्रति शिफ्ट में 4 ट्रैफिक मार्शल और 2 रिलीवर, कुल 14 व्यक्तियों की आवश्यकता के साथ, आपको इन स्टाफ सदस्यों के नाम और व्यक्तिगत विवरण प्रदान करने के लिए सूचित किया जाता है जो 1 अप्रैल 2024 से अपनी सेवाएं जारी रखेंगे।

**फास्टेग के बाद हो रही कर्मचारियों की छुट्टी:-** जानकारी के अनुसार टोल प्लाजा पर फास्टेग सुविधा चालू होने के बाद कर्मचारियों की छटनी हो रही है। वर्तमान में बही टोल पर 1 व 4 नम्बर बूथ पर बिना टीसी (टोल कलेक्टर) के ही वाहन निकल रहे है, फास्टेग सुविधा होने से इन बूथ पर ऑटोमेटिक वाहनों से टोल कट जाता है। यह सुविधा शुरु होने के बाद अब टीसी पद पर तैनात कर्मचारियों पर तलवार लटकी हुई है।

**केवल 14 सिक्यूरिटी गार्ड को ही रखने के निर्देश:-** इस आदेश के तहत बही टोल पर तैनात करीब 31 सिक्यूरिटी गार्ड में से करीब 17 सिक्यूरिटी गार्ड की सेवा समाप्त हो जाएगी। नए आदेश के विरोध में सिक्यूरिटी गार्ड के साथ स्थानीय लोगों ने टोल प्लाजा पर पहुंच विरोध जताया। मंगलवार को दोपहर करीब 1 से 2 बजे तक विरोध के चलते टोल पर भीड जमा हो गई। टोल बूथ बन्द करा दिए, करीब 1 घंटे तक वाहन बिना टोल के ही निकले। टोल मैनेजर दिनेश चन्द्रयान ने कंपनी के अधिकारियों को अवगत कराया व समस्या का निराकरण कराया।

**समस्या का निराकरण हो गया, किसी को नही निकाला जा रहा:-** टोल मैनेजर दिनेश चन्द्रयान का कहना है टोल पर आटोमेटिक सिस्टम लग जाने के बाद एजेन्सी को 50 प्रतिशत कर्मचारियों को कम करने के निर्देश दिए गए है, सिक्यूरिटी गार्डो की मांग पर मैंने एक मेल हेड ऑफिस नासिक को भेजा है, फिलहाल समस्या का निराकरण हो गया है। किसी को नही निकाला जा रहा है।

# राहुल गांधी ने महाकाल मंदिर से देवास गेट तक 3 किमी रोड शो किया

## रोड शो के दौरान राहुल गांधी पिछड़ा वर्ग के पक्ष में और अडानी-अंबानी के खिलाफ बोले

**उज्जैन, 5 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** कांग्रेस की भारत जोड़ो न्याय यात्रा मंगलवार को धर्म नगरी उज्जैन पहुंची। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने श्री महाकाल मंदिर पहुंचकर भगवान का दर्शन पूजन किया। शिव आराधना की। इसके बाद उन्होंने रोड शो किया। करीब 3 किलोमीटर के रोड शो के में उन्होंने पिछड़ा वर्ग के पक्ष में और अडानी अंबानी के खिलाफ अपना भाषण दिया।

मंगलवार दोपहर में यात्रा ने शाजापुर से मक्सी रोड होते हुए उज्जैन में प्रवेश किया। यात्रा के लिए कांग्रेस नेता व पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ पहले ही उज्जैन पहुंच चुके थे। कमलनाथ, दिग्विजय सिंह, जीतू पटवारी और राहुल गांधी एक साथ महाकाल मंदिर पहुंचे। यहां राहुल गांधी, कमलनाथ और जीतू पटवारी ने बाबा महाकाल के दर्शन किए। इस दौरान राहुल गांधी नंदीहाल में बैठे और शिव आराधना की। राहुल गांधी जब महाकाल मंदिर के नंदीहाल में बैठे थे उस दौरान श्रद्धालुओं ने गणेश मंडपम एवं कार्तिकेय मंडपम से मोदी मोदी के नारे लगाए गए। महाकाल मंदिर से राहुल गांधी खुली जीप में रोड शो में निकले। महाकाल मंदिर से गुदरी चौराहा, पटनी बाजार, गोपाल मंदिर, सती गेट, कंठाल चौराहा, नई सड़क, दौलतगंज, मालीपुरा होते हुए देवास गेट पर रोड शो समाप्त हुआ। जहां राहुल गांधी ने कांग्रेस नेता व कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। अपने संबोधन में राहुल गांधी ने पिछड़ा वर्ग, अनुसूचित जाति, जनजाति व सामान्य वर्ग के गरीबों का पक्ष लेते हुए केंद्र सरकार को आड़े हाथों लिया। राहुल गांधी ने कहा कि यह सभी वर्ग परेशान है। इन सभी वर्गों का पैसा देश के चुनिंदा लोगों के पास है। राहुल गांधी ने पूर्व की तरह फिर से अडानी अंबानी पर कटाक्ष करते हुए कहा कि सरकार ने इन बड़े लोगों का करोड़ों रुपए कर्ज माफ किया है।



**नाथ बोले हमारी 12 से 13 सीट आनी चाहिए-** भारत जोडो न्याय यात्रा के लिए उज्जैन आए पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने मिडिया से बातचीत के दौरान कहा है कि इस लोकसभा चुनाव में कम से कम हमारी 12 से 13 सीट आनी चाहिए। यह जो माहौल बनाने वाली बात है वह हर राजनीतिक पार्टी करती है लेकिन माहौल बनाने में बीजेपी माहिर है। कांग्रेस उम्मीदवारों की सूची को लेकर उनका कहना था कि कल बैठक है सीईसी की, इलेक्शन कमेटी की बैठक के बाद कम से कम 15 से 20 नाम अलाउंस हो जाएंगे। उन्होंने कहा कि आज मध्यप्रदेश की सबसे बड़ी चुनौती बेरोजगारी है यह जो नौजवान व्यवसाय के लिए भटक रहे है यही निर्माण करेंगे चाहे उज्जैन का हो या फिर मध्यप्रदेश का। जब तक उनको प्राथमिकता ना बनाएं जाए तब तक यह सब शो करने से उज्जैन में इन्वेस्टर सबमिट करने से , इन्वेस्टर सम्मिट तो शिवराज सिंह चौहान ने भी की थी। प्रश्न इन्वेस्टर सबमिट का नहीं है प्रश्न यह है कि जो भी इन्वेस्टमेंट आया है उस पर रोजगार कितना मिला है। आज प्रश्न यह है कि आर्थिक गतिविधि कैसे बढ़ेगी। मैंने 27 लाख किसानों का कर्जा माफ किया, यह मजबूती है। छिंदवाड़ा की जनता से मेरे 45 साल पुराने संबंध है मैंने अपनी जवानी समर्पित की है छिंदवाड़ा को। आज कोई भी छिंदवाड़ा का व्यक्ति कहीं जाता है तो वह छाती ठोक के कह सकता है कि मैं छिंदवाड़ा से हूं।

## प्रतियोगिता के लिए खो-खो टीम का हुआ चयन

**मंदसौर, 5 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** खो-खो कॉर्पोरेशन मंदसौर के सचिव श्री मुकेश भटेवरा द्वारा बताया गया कि जिलास्तरीय खो-खो पुरुष एवं महिला वर्ग की टीम का राज्यस्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयन उत्कृष्ट विद्यालय भानपुरा में आयोजित किया गया । कार्यक्रम के दौरान पूर्व विधायक श्री देवीलाल धाकड, जिला खेल अधिकारी एवं खो-खो कॉर्परेशि के अध्यक्ष श्री विजेन्द्र देवडा एवं खिलाड़ी उपस्थित थे। 9 एवं 10 मार्च को इंदौर में होने वाली राज्यस्तरीय खो-खो प्रतियोगिता के लिए पुरुष वर्ग में 14 और महिला वर्ग में 12 खिलाड़ियों का चयन किया गया है।

# भाजपा सरकार महिलाओं को सुरक्षा देने में नाकाम-मनजीतसिंह टूटेजा

**मंदसौर, 5 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** मध्यप्रदेश में कानून व्यवस्था की हालत क्या हो गई है इस गंभीर विषय का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि मंदसौर के ग्राम रूण्डी के प्रकाश बंजारा (35) ने न्याय नहीं मिलने के कारण बेटी सुमन (13) और बेटे विशाल (10) के साथ फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।



दुख की बात यह है कि इस हृदय विदारक घटना के बाद भी दोषीयों पर कोई विशेष कार्यवाही नहीं हुई। मुख्यमंत्री ने भी सिर्फ एक ट्वीट करके इतिश्री करली। उक्त बात कहते हुए जिला कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष मनजीतसिंह टूटेजा ने कहा कि आज प्रदेश में महिलाएं असुरक्षा के माहौल में जी रही है। बडे शहर हो या फिर ग्रामीण क्षेत्र कही पर भी भाजपा राज में महिलाएं सुरक्षित नहीं है। श्री टूटेजा ने कहा कि मध्य प्रदेश के मंदसौर में बदमाशों ने महिला को चैराहे पर निर्वस्त्र कर पीटा. पुलिस ने मामले में कोई खास एक्शन नहीं लिया। बदमाश हर दिन महिला को तंग करते रहे। महिला का पति न्याय के लिए भटकता रहा, सुनवाई नहीं हुई। अंत में महिला के पति ने अपने दो बच्चों के साथ खुदकुशी कर ली। यह स्थिति हमारे कानून व्यवस्था की। दिल दहलाने वाली ये घटना पूरे समाज के लिए कलंक है। साथ ही यह बताता है कि मध्य प्रदेश में जंगलराज कायम है। श्री टूटेजा ने कहा कि मोहन यादव प्रदेश के मुख्यमंत्री होने के साथ - साथ गृहमंत्री भी है लेकिन वे इस मामले मे पूरी तरह फैल रहे हैं उनके गृह संभाग में इतना बडा मामला हो जाने के बाद भी पुलिस द्वारा द्वारा कोई ठोस कार्यवाही नहीं की गई यह पुलिस की कार्यप्रणाली पर बडा प्रश्न चिन्ह खडा करता है। आपने कहा कि आज न्याय न मिलने के कारण एक मजबूर पिता और पति को ऐसा हृदय विदारक कदम उठाना पडा यह हमारे लिए शर्मिन्दगी की बात है। मेरा मप्र के डीजीपी से मांग है कि कानून व्यवस्था में सुधार लायें एवं दोषीयों पर सख्त कार्यवाही करें।


**कार्यालय प्राचार्य एवं सचिव, स्थानीय प्रबंधन समिति, राजीव गांधी शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, मन्दसौर (म.प्र.)**

मन्दसौर, दिनाक 05.03.2024

**** निस्तारण सामग्री हटाने हेतु निविदा ****

राजीव गांधी शा.स्ना. महाविद्यालय, मन्दसौर में पुराना कैंटीन एवं एन.सी.सी. आफीस का निस्तारण (डिसमेंटल) नगर पालिका द्वारा उपलब्ध जे.सी.बी. से किया जा चुका है। डिसमेंटल (निस्तारण) किये गये भवनों के मलबे (निस्तारण सामग्री) को हटाया जाना है। इच्छुक ठेकेदार/फर्म उक्त मलबे को हटाने हेतु सील बंद लिफाफे में अपना भाव पत्र दिनांक 09.03.2024 तक कार्यालयीन समय में प्रस्तुत करें। समस्त सामग्री को हटाने के बदले में अधिकतम मूल्य प्रदान करने वाले ठेकेदार / फर्म को कार्यादिश प्रदान किया जायेंगा।

उक्त दोनों भवनों के मलबे को हटाने का कार्यादिश प्रदान किये जाने के 03 दिवस के भीतर (जमींदोज) किया जाना है। निविदा दिनांक 09.03.24 को सायं 4 बजे तक प्रस्तुत करे।

(डॉ. एल.एन शर्मा)
प्राचार्य एवं सचिव


स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, प्रकाशक, मुद्रक आशुतोष नवाल के लिए गुरु मीडि्या एण्ड इंटरटेनमेन्ट कम्पनी, शक्ति नगर मन्दसौर से मुद्रित एवं 77 लक्ष्मीनगर, वेदान्त विहार मन्दसौर से प्रकाशित। (हर प्रकार के विवाद का न्याय क्षेत्र मन्दसौर रहेगा) संपादक- आशुतोष नवाल RNI-MPHIN2006/20356
समाचार पत्र में छपे विज्ञापनों के लिए समाचार पत्र उत्तरादायी नहीं है एवं विज्ञापनो में प्रकाशित विचार विज्ञापनदाता की निजी राय है। इससे समाचार पत्र का कोई संबंध नहीं है। फोन 495831, मो. 9425105927,28 ashugurumds@gmail.com, ashu_guru2@yahoo.co.in